अमर उजाला 22/08/2025

# जिला योग प्रतियोगिता में कृतिका प्रथम



विजेता छात्रों के साथ मौजूद कॉलेज प्राचार्य। प्रवक्ता

अंबाला। देव गुरुकुल, दिन्नापुरी में आयोजित जिला योग प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज की छात्रा कृतिका वर्मा ने 18–28 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृतिका की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रशासन एवं संकाय सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कृतिका की इस सफलता से न केवल कॉलेज का नाम रोशन हुआ है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। इसी प्रकार फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा डिंपल ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र पीयूष ने द्वितीय स्थान तथा बीकॉम सीएवी प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संवाद